# जे0पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन में नये शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ।

जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन, वियावानी, बिहारशरीफ, नालन्दा के प्रांगण में नये शैक्षणिक सत्र का शुभारम्भ दिनांक 14/08/2026 दिन शुक्रवार का उद्घाटन ग्रामीण विकास विभाग सह सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री, बिहार सरकार माननीय श्री श्रवण कुमार जी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री कौशलेन्द्र कुमार, (सांसद, नालन्दा), विशिष्ट अतिथि श्रीमती रीणा यादव (सदस्य, बिहार विधान परिषद्), प्रो0 अरविन्द कुमार (सचिव, महाबोधि महाविद्यालय बी.एड., डी.एल.एड., नालन्दा) एवं श्री शम्भुशरण सिन्हा, (सलाहकार, जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन) सम्मलित हुए। इस अवसर पर जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के बी.एड. सत्र 2026–28, स्नातक 2026–30, एल.एल.बी. 2026–29 एवं बी.ए./बी.एस.सी. एल.एल.बी. सत्र 2026–31 की कक्षाओं का शुभारम्भ किया गया। कक्षारम्भ करते हुए माननीय मंत्री श्री श्रवण कुमार ने जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सचिव श्री शैलेश कुमार को बधाई देते हुए कहा कि इन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय कार्य किया है। इन्होंने समाज को न केवल अच्छा शिक्षक, अच्छे अभियंता, अच्छे फार्माशिष्ट दिया है वल्कि कुशल तथा योग्य नागरिक भी तैयार किया है। इन्होंने बी.एड. 2026-28, बी.ए./बी.एस.सी., बी.कॉम., बी.ए.एल.एल.बी. के नव नामांकित छात्रों को शुभकामना देते हुए कहा कि आप एक अच्छे शैक्षणिक संस्थान में नामांकन लिए है जहाँ के शत–प्रतिशत छात्र न केवल सफल होते हैं बल्कि समाज में एक अच्छा मुकाम भी हासिल करते हैं। आप यहाँ से एक सुयोग्य नागरिक बनकर निकलें तथा घर एवं समाज की सेवा करें।

इस मौके पर माननीय श्री कौशलेन्द्र कुमार जी ने कहा कि समाज में शिक्षकों का महत्वपूर्ण स्थान है। वे राष्ट्र निर्माता हैं। उन्होंने जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के द्वारा संचालित बी.एड. संस्थानों को नालन्दा जिला में अग्रिम बताते हुए कहा कि इस संस्थान से प्रशिक्षित प्रशिक्षु बिहार ही नहीं बल्कि इस देश के अन्य राज्यों में भी अपना उत्तम प्रदर्शन करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसा हथियार है जिससे दुनिया को जीता जा सकता है। पूर्व में शिक्षा व्यवस्था की स्थिति तथा आज की स्थिति में अन्तर स्पष्ट करते हुए कहा कि आज बिहार शिक्षा के क्षेत्र में पूरे भारत में अग्रणी स्थान रखता है।

सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती रीणा यादव (सदस्य, बिहार विधान परिषद्) ने भी विद्यार्थियों को एक अच्छे शिक्षक बनने के लिए उत्साहित करते हुए आशीर्वचन दिया। इन्होंने संस्थान के सचिव को इस जिले में इतने अच्छे संस्थान की स्थापना करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आज इस जिले में सर्वसुविधा सम्पन्न संस्थान मौजूद हैं जहां नर्सरी से लेकर ईंजीनियरिंग तक की पढ़ाई होती है। एक ही कैंम्पस में इतने तरह के प्रोफेशनल कोर्स उपलब्ध कराने के लिए यहां के व्यवस्थापक श्री शैलेश कुमार धन्यवाद के पात्र हैं।

इस मौके पर, प्रो0 अरविन्द कुमार (सचिव, महाबोधि महाविद्यालय बी.एड., डी.एल.एड., नालन्दा) एवं श्री शम्भुशरण सिन्हा, (सलाहकार, जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन) ने कहा कि यह संस्थान इस जिले में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक चला रहा है। जिसे देखने लायक है पहले मैं सुना करता था लेकिन देखने

पर लगा कि समुचित प्रशिक्षित छात्र आज न केवल एक योग्य शिक्षक साबित हुए हैं बल्कि जीवन के हर मोर्चे पर अपनी सफलता प्राप्त कर रहा है तथा यहाँ से योग्य नागरिक बनकर निकल रहा है।

इस मौके पर, जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सचिव, श्री शैलेश कुमार, ने आए हुये अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह हमारे संस्थान के बी.एड. 2026–28 सत्र में कुल 250 छात्रों का नामांकन हुआ है। इसके पूर्व बी.एड. का सभी सत्र सफलतापूर्वक संचालित किया जा चुका है। साथ ही, उन्होंने कहा कि इस संस्थान में बी.एड. के साथ–साथ डी.एल.एड, इंजिनियरिंग, पॉलिटेकनिक, आई.टी.आई, बी.फार्मा, डी.फार्मा, लॉ, स्कूल (सी.बी.एस.ई.), नर्सिंग, बी.टेक., स्नातक एवं लाइब्रेरी सांइस तथा पत्रकारिता की पढ़ाई भी चल रही है। यहाँ से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के लिए कैंम्पस सलेक्शन की भी व्यवस्था है, जिसमें देश की नामी–गिरामी कम्पनियाँ भाग लेती है। कॉलेज अपने विद्यार्थियों का उचित मार्गदर्शन कर योग्य शिक्षक बनाने को कटिबद्ध है, और योग्य शिक्षक ही समाज का भला कर सकते हैं।

संस्थान की परिचय जे.पी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ0 संजय कुमार ने दिया इन्होंने संस्थान की स्थापना से लेकर आज तक की उपलब्धिया पर विस्तार से प्रकाश डाला, इन्होंने बताया कि यदि कोई बच्चा हमारे यहाँ नर्सरी में नामांकन कराता है तो वह यहाँ से नौकरी लेकर ही निकलेगा।

कार्यक्रम के दौरान बी.एड. सत्र 2024–26 के विश्वविद्यालय परीक्षा के परीक्षाफल में महाविद्यालय से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र–छात्राओं को माननीय मंत्री जी एवं सांसद के द्वारा सम्मानित किया गया तथा उन्हें प्रमाणपत्र एवं मेडल प्रदान किया गया।

इस अवसर पर सत्र 2025–27 के प्रशिक्षुओं द्वारा समन्वयक डॉ0 अभिषेक कुमार, श्रीमती संयीता कुमारी, श्रीमती निलिमा पाण्डेय के नेतृत्व में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मंच का संचालन डॉ0 अभिषेक कुमार एवं रूपेश, अंजली के द्वारा किया गया।

इस मौके पर सभी विभागों के प्राचार्य एवं व्याख्यातागण – कॉलेज के प्रशासनिक पदाधिकारी श्री शिवेन्द्र दिवाकर, डॉ0 पुनीत कुमार शुक्ला (प्राचार्य) डा0 राजेश कुमार यादव, डॉ0 राजीव रंजन, प्रो0. निलिमा पाण्डेय, प्रो0. संयीता कुमारी, प्रो0. वन्दना कुमारी, डा0 कुमार आदित्य मनोहर, अशोक कुमार (ऑफिस अस्सिटेंट), संजय कुमार, प्रभाकर कुमार, (कम्प्यूटर ऑपरेटर) एवं अनुपम कुमारी, सहित जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी व छात्रगण आदि उपस्थित रहे। अंत में संस्थान के संस्थापक श्री शैलेश कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।



भवदीय

14/08/26